RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

67 वां वर्ष

# दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, सोमवार 31 मार्च 2025 ■ वर्ष 67 ■ अंक 71 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

# प्रधानमंत्री ने छग को दी 33,700 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया आभार



बिलासपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। पीएम नरेन्द्र मोदी विशेष विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर द्वारा बिलासपुर आए। बिलासपुर के मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य आगमन हुआ, यहां उन्होंने 33,700 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा विशाल जनसभा को संबोधित किया। आदिशक्ति मां महामाया के पावन अंचल में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर भारी उत्साह दिखा। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया और पूरे शहर में होर्डिंग्स व पोस्टर प्रधानमंत्री के स्वागत में लगाए गए। अनुमान है कि 1 लाख से अधिक लोग इस विशाल जनसभा में शामिल हुए। एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण तीन (1×800 मेगावाट ) की आधारशिला रखी, जिसकी लागत 9,790 करोड़ आएगी। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना 2X660 एमडब्ल्यू के कार्य की शुरुआत की। पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना डब्ल्यूआरईएस के तहत 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। एनएच-930 (37 किलोमीटर) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किलोमीटर) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को दो लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित किया। एनएच-130डी 47.5 किमी के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को दो लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखी।



### गैस वितरण परियोजना

कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में बीपीसीएल की सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखी। इसमें 200 किमी से अधिक प्रेशर पाइपलाइन और 800 किलोमीटर से अधिक मीडियम डेंसिटी पालीइथिलीन पाइपलाइन और 1,285 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सीएनजी डिस्पेंसिंग आउटलेट शामिल हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की 540 किलोमीटर लंबी विशाखापत्तनम-रायपुर पाइपलाइन परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 2210 करोड़ रुपये से अधिक होगी।

### रेलवे परियोजनाएं

प्रधानमंत्री ने 108 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 2,690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 111 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम ने मंदिर हसौद के माध्यम से अभनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।

### 130 पीएमश्री स्कूल किया समर्पित

पीएम राज्य के 29 जिलों में 130 पीएम श्रीस्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) लोकार्पित किया। पीएम स्कूल फार राइजिंग इंडिया योजना के तहत 130 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत तीन लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। प्रधानमंत्री ने इस योजना के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियां सौंपी।



**बिलासा देवी केवट का मोमेंटो मुख्यमंत्री ने मोदी को किया भेंट**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज एक विशेष मोमेंटो भेंट किया, जो छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा देवी केवट की स्मृति में तैयार किया गया है। यह मोमेंटो न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता की जीवंत अभिव्यक्ति भी है।

## मोदी ने नवरात्रि और नव संवत्सर की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो गई है। साथ ही नवरात्रि का पावन पर्व भी रविवार से शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## पेड़ से टकराई कार, 2 युवकों की मौत, 2 की हालत नाजुक

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। दिल्ली के नारायणा इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार तड़के करीब 2.45 बजे हुआ जब एक सियाज कार पेड़ से टकरा गई।

## छग में हुआ चांद का दीदार, आज धूमधाम से मनाई जाएगी ईद

रायपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। राजधानी रायपुर समेत देश के कई इलाकों में आज शाम चांद दिखने की शरई तसदीक के बाद सोमवार को देशभर में ईद मनाए जाने का ऐलान कर दिया गया है। ईद से पहले बाजारों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। वहीं, रविवार को नवरात्र शुरू होने से मंदिरों में भी काफी भीड़ देखी गई। दोनों त्योहारों को देखते हुए देशभर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

## कटक के पास रेल हादसा, पटरी से उतरी बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस

नई दिल्ली ,30 मार्च (एजेंसी)। कटक के निर्गुंडी क्षेत्र में कामाख्या एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गई। इस हादसे के बाद ट्रेन में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। यह हादसा कटक स्टेशन से निकलने के बाद मंगोली स्टेशन के नजदीक हुआ, जहां कामाख्या एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। बताया जा रहा है कि बी9 से बी14 तक की बोगियां प्रभावित हुई हैं। खुर्दा डीआरएम और पूर्व तट रेलवे के प्रबंधक घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं और उन्होंने जल्द ही हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही है। राहत की बात यह है कि अभी तक किसी यात्री के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

## आयकर विभाग ने इंडिगो पर कसा शिकंजा, 944 करोड़ का लगाया जुर्माना




नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पैरेन्ट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इनकम टैक्स की इस कार्रवाई को कंपनी ने गलत और बेबुनियाद ठहराया है। कंपनी ने कहा कि इनकम टैक्स के इस फैसले को चुनौती देंगे। इंडिगो ने कहा कि इस फैसले का उनके वित्तीय कामकाज पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं होगा। रविवार को इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ने कहा कि उसे आकलन वर्ष 2021-22 के लिए आयकर विभाग से 944.20 करोड़ रुपये जुर्माना भरने का आदेश मिला है। एयरलाइन कंपनी ने जुर्माने के आदेश को गलत बताया है और कहा कि वह इसे कानूनी चुनौती देंगे। इंडिगो ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि इनकम टैक्स अथॉरिटी ने यह आदेश इस गलतफहमी में दिया है कि कंपनी ने इनकम टैक्स कमिश्नर (अपील्स) के सामने सेक्शन 143(3) के तहत असेसमेंट ऑर्डर के खिलाफ जो अपील की थी, उसे खारिज कर दिया गया है। जबकि असल में वह अपील अभी भी विचाराधीन है। कंपनी का कहना है कि यह आदेश गलत और बेबुनियाद है. इंडिगो का मानना है कि इससे उनके वित्तीय कामकाज या दूसरी गतिविधियों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

## ईद से एक दिन पहले मस्जिद में बड़ा धमाका, जिलेटिन रॉड से विस्फोट की आशंका, दो गिरफ्तार

बीड, 30 मार्च (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बीड जिले से ईद उल-फितर से ठीक एक दिन पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के जियोराई तहसील स्थित अर्ध मसला गांव में रविवार तड़के सुबह एक मस्जिद में धमाका हुआ। पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट कथित तौर पर एक व्यक्ति द्वारा रखी गई जिलेटिन रॉड के कारण हुआ। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि यह घटना तड़के सुबह करीब 2.30 बजे हुई, जिसके बाद मस्जिद का अंदरूनी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है, जिसे देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## संस्थापक हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि

# पीएम बनने के बाद मोदी ने पहली बार किया संघ मुख्यालय का दौरा

नागपुर, 30 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 9 बजे नागपुर पहुंचे। संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का संघ मुख्यालय का यह पहला दौरा है और इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि उनके नागपुर आगमन से पूरे विदर्भ में उत्साह का माहौल है। 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है।

बता दें कि पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी।



प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे।

## आज का इतिहास

1854-अमेरिकी नौसेना के कमोडोर मैथ्यू सी। पेरी (जापानी चित्रण) और तोकुगावा ने संयुक्त रूप से कनागावा के कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए, जिसने अमेरिकी व्यापार के लिए जापानी बंदरगाहों को खोलने के लिए मजबूर किया।
1870-अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया।
1889-एफिल टॉवर का उद्घाटन पेरिस में किया गया था, जो फ्रांस का एक वैश्विक केंद्र बन गया और दुनिया में सबसे पहचानने योग्य संरचनाओं में से एक है।
1889-पेरिस का मशहूर एफिल टावर आधिकारिक तौर पर खुला।

## बहुत खूब




## कबाड़ में महिला के हाथ लगा खजाना, 1000 रुपये में खरीदी, अब लगने जा रही 8.5 करोड़ की बोली



नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। कहा जाता है कि किसी भी चीज को देखकर तुरंत उसके बारे में ख्याल नहीं बनाना चाहिए। इसको लेकर अंग्रेजी में एक कहावत भी है कि डोंट जज ए बुक बाय इट्स कवर ये बातें केवल किताबी नहीं होते हैं बल्कि कई बार असल जीवन में अप्लाई भी हो जाते हैं। इसी कहावत से जुड़ी एक कहानी इन दिनों सामने आई है। जहां एक पेंटिंग ने महिला की किस्मत को पूरी तरीके से बदल दिया और आज वो महिला सिर्फ उसी पेंटिंग के बदौलत एक करोड़पति बन गई है।

पेंसिलवेनिया की रहने वाली हीडी मार्को, सैलवेज गुड्स एंटीक्स की मालकिन हैं और वो वहां एंटीक चीजें ही रखा करती है। जो लोगों को काफी ज्यादा आकर्षक करता है। जनवरी में वो मॉन्टगोमेरी काउंटी के एक एंटीक स्टोर पर हुई नीलामी में गई थी। जिससे वो अपने कलेक्शन को बढ़ा सके। इस दौरान उन्हें एक पेंटिंग पसंद आई है और वो नीलामी में हिस्सा लेकर उसे खरीद लिया क्योंकि उसे वो पेंटिंग काफी ज्यादा पसंद आई थी। महिला ने पेंटिंग के लिए सिर्फ 12 डॉलर यानी करीब 1 हजार रुपये चुकाए। हैरानी की बात तो ये है कि वहां 1000 डॉलर से लेकर 3 हजार डॉलर तक की कई पेंटिंग पड़ी थी लेकिन महिला को न जाने उस पेंटिंग को देखकर क्या महसूस हुआ, उसने उसे खरीद लिया। हालांकि जब उसने ये पेंटिंग घर आकर देखी तो वो काफी ज्यादा हैरान रह गई उन्हें समझ आ गया कि वो बहुत दुर्लभ और कीमती पेंटिंग है। उसके पीछे फ्रांस के लेजेंड इंप्रेशनिस्ट रेनॉएयर का साइन था।

## चैत्र नवरात्रि शुरू

# मां वैष्णो देवी की अटका आरती होती है बेहद खास

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है और माता वैष्णो देवी मंदिर सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां होने वाली अटका आरती एक बेहद खास अनुष्ठान है, जिसे देखने और उसमें शामिल होने की इच्छा हर भक्त की होती है, लेकिन अटका आरती में शामिल होने के लिए पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक है। अगर आप भी माता वैष्णो देवी की अटका आरती में शामिल होना चाहते हैं, तो यहां हम आपको इसकी पूरी बुकिंग प्रक्रिया और इससे जुड़ी जरूरी जानकारी देंगे। अटका आरती माता वैष्णो देवी के दरबार में होने वाली विशेष पूजा है, जो दिन में दो बार–सुबह और शाम को आयोजित की जाती है। इस आरती के दौरान मंदिर परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है और केवल आरती बुकिंग कराने वाले श्रद्धालुओं को ही इसमें शामिल होने का अवसर मिलता है। आरती के दौरान वैदिक मंत्रों, भजनों और शंख-घंटियों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मान्यता है कि इस आरती में शामिल होने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वैष्णो देवी अटका आरती में शामिल होने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कराई जाती है। बुकिंग की प्रक्रिया बेहद आसान है। सबसे पहले आप श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट मां वैष्णोदेवी डॉट ओआरजी पर जाएं। यहां अपना अकाउंट बनाएं या लॉगिन करें। अगर आपका पहले से अकाउंट है, तो यूजर आईडी और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करें। अगर नया अकाउंट बनाना है, तो रजिस्ट्रेशन करें और अपनी डिटेल्स भरें।

## म्यांमार के बाद अब छोटे से आईलैंड में आया भूकंप, 7.0 तीव्रता के झटके से कांपा देश

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसी)। सुनामी का अलर्टम्यामांर और थाईलैंड में लगातार पड़ रहे भूकंप के झटके बाद अब प्रशांत महासागर में बसे टोंगा आईलैंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रविवार शाम करीब 5.48 बजे भूकंप के तेज झटके से इमारतें हिलने-डुलने लगीं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.0 आंकी गई है। वहीं अब सुनामी का अलर्ट भी जारी किया गया है। भूंकप के झटकों से दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से भयंकर तबाही मची। शुक्रवार से लेकर अब तक म्यांमार में करीब 5 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए है। इस बीच पोलिनेशियाई देश टोंगा में झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। इसे लेकर अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण यूएसजीएस ने भी चेतावनी जारी की है। एपी के अनुसार टोंगा आईलैंड के पास 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद सुनामी का भी अलर्ट जारी किया गया है। टोंगा के मुख्य द्वीप से करीब 100 किलोमीटर 62 मील उत्तर पूर्व में भूकंप केंद्र रहा, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। टोंगा की कुल आबादी 100000 के करीब है और 171 आईलैंड भी हैं।